(ii) NAFED has been asked to procure maize locally and make it available to the poultry sector at reasonable price.

(iii) Steps are being taken for increasing the production of maize in the country.

**ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने के लिए शिक्षा केन्द्र**

2455. **श्री शिवप्रसाद चनपुरिया** : कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर कृषि, पशु चिकित्सा, मत्स्यकी और वानिकी विषयों में प्रशिक्षण देने के लिए शिक्षा केन्द्र आरम्भ करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार करना चाहेगी ;

(ख) क्या यह सच है कि ग्रामीणों को इन विषयों की नई तकनीकें सहज रूप से प्राप्त नहीं होती क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर छात्रों को उक्त विषयों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं होती है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका)** : (क) महोदय, इस समय कृषि को ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में माध्यमिक स्तर पर वैकल्पिक विषय के रूप में रखा गया है। कुछ चुने हुए ग्रामीण स्कूलों में कृषि को व्यावसायिक रूप में भी शुरू किया गया है । भा०कृ०अनु० परिषद किसानों, खेतिहर महिलाओं और युवकों को कृषि के सभी क्षेत्रों जैसे––फसल, बागवानी, पशुधन, मछली पालन, गृह विज्ञान, वानिकी, पशु चिकित्सा विज्ञान आदि में व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना को प्रोत्साहित भी कर रही है।

(ख) हां ।

(ग) ग्रामीण स्कूलों में माध्यमिक स्तर पर कृषि-शिक्षा और प्रशिक्षण की स्थिति सुदृढ़ नहीं है क्योंकि यह तो केवल एक वैकल्पिक विषय है। गांव के सभी स्कूलों में कृषि का व्यवसायिकीकरण भी शुरू नहीं किया गया है क्योंकि इसके लिए पर्याप्त सुविधायें और साधन उपलब्ध नहीं हैं।

**कृषि व्यापार समूह की स्थापना**

2456. **डा० नौनिहाल सिंह :**
**श्री सोमपाल :**

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार छोटे किसानों के लिए कृषि व्यापार समूह की स्थापना करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उसका संगठन और उद्देश्य क्या होंगे; और

(ग) इसकी स्थापना के सम्बन्ध में औपचारिक घोषणा कब तक कर दी जाएगी और किसानों की इसमें क्या भूमिका रहेगी ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)** : (क) सरकार मार्जिनल किसानों के लिए कृषि व्यापार ग्रुप स्थापित करने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं होता।

**Shortage of Feed and Fodder to the Live Stock**

2457. DR. NARREDDY THULASI REDDY : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether there is any shortage of feed and fodder to the live stocks; and

(b) if so, what measures are proposed to reduce the feed and fodder shortage?